फा.सं.**46/1/2019**-प्रशासन.I

भारत सरकार

नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय

*****

अटल अक्षय ऊर्जा भवन
सीजीओ कॉम्प्लेक्स के सामने
लोधी रोड, नई दिल्ली-110003
दिनाक: ०६.०५.२०२५

नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) द्वारा सरदार स्वर्ण सिंह राष्ट्रीय जैव ऊर्जा संस्थान (एसएसएस-नीबे) में महानिदेशक के पद पर सीधी भर्ती (कार्यकाल आधारित)/प्रतिनियुक्ति (अल्पावधि अनुबंध सहित) आधार पर महानिदेशक के पद को भरे जाने का प्रस्ताव है और केन्द्र सरकार अथवा राज्य सरकारों अथवा स्वायत्त अनुसंधान एवं विकास संगठनों अथवा केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों में कार्यरत पात्र उम्मीदवारों से उचित माध्यम से आवेदन आमंत्रित करता है।

2. पद के लिए आवश्यक योग्यता, अनुभव आदि के विवरण नीचे दिए गए हैं:-

| क्र.सं. | पद का नाम | महानिदेशक |
|---|---|---|
| 1 | पद की संख्या | 01 (एक) |
| 2 | वर्गीकरण | समूह-क (वैज्ञानिक/तकनीकी) |
| 3 | वेतनमान | स्तर-14 (144200-218200 रु./-, 7वां केन्द्रीय वेतन आयोग)/पे-बैंड-4, 37,400-67,000/- रु. + ग्रेड वेतन 10,000/- रु. (छठा केंद्रीय वेतन आयोग/पूर्व संशोधित) |
| 4 | पात्रता | केन्द्र/राज्य सरकारों/सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों/विश्वविद्यालयों/अनुसंधान संस्थानों/स्वायत्त निकायों के अधिकारी –<br><br>क. नियमित आधार पर सदृश पद पर कार्यरत और अनिवार्य योग्यताओं एवं अनुभव के लिए मानदंड को पूरा करने वाले व्यक्ति;<br>अथवा<br>ख. एल-13-ए(1,31,100-2,16,000/- रु., 7वां कें.वे.आ. का वेतनमान) में 10 वर्षों का नियमित सेवा अनुभव रखने वाले अधिकारी/पीबी-4, 37,400-67000 रु. + ग्रेड पे-8900/- रु., छठा कें.वे.आ. (पूर्व-संशोधित)/(16,400-450-20,000/- रु., 5वां कें.वे.आ., पूर्व संशोधित अथवा पीएसयू में आईडीए पैटर्न वेतनमान समकक्ष और आवश्यक शैक्षिक योग्ताएं तथा अनुभव रखते हों)<br>अथवा<br>ग. एल-13 के वेतनमान (1,23,100-2,15,900/- रु., 7वां कें.वे.आ.) में 15 वर्षों का नियमित सेवा अनुभव रखने वाले अधिकारी/(पीबी-4, 37,400-67000/- रु. + 8700/- रु. का ग्रेड पे, छठा कें.वे.आ. पूर्व- संशोधित)/(5वें केंद्रीय वेतन आयोग के 14300-400-18300 रु. के समतुल्य वेतनमान) अथवा पीएसयू में समकक्ष आईडीए पैटर्न वेतनमान और आवश्यक शैक्षिक योग्ताएं तथा अनुभव रखते हों। |

| | | |
|---|---|---|
| | | और<br><br>निम्नलिखित शैक्षिक योग्यता और अनुभव रखते हैं:<br>(क) अनिवार्य योग्यताएं:-<br>(i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से विज्ञान में डॉक्ट्रेट की उपाधि अथवा इंजीनियरी/प्रौद्योगिकी, अधिमानतः अक्षय ऊर्जा में प्रथम श्रेणी में स्नातकोत्तर की उपाधि।<br>(ii) डॉक्ट्रेट की उपाधि के मामले में प्रकाशनों/मान्यताओं से यथा स्पष्ट प्रमाणित उत्कृष्ट गुणवत्तायुक्त न्यूनतम 10 वर्षों का कार्यानुभव अथवा स्नातकोत्तर उपाधि के मामले में अधिमानतः अनुसंधान, विकास में 15 वर्षों का न्यूनतम कार्यानुभव।<br>एवं<br>जैव ऊर्जा के क्षेत्र में प्रदर्शन/डिजाइन/विनिर्माण/नीति नियोजन।<br>(ख) वांछनीय योग्यताएं<br>(i) बायोमास/जैव ऊर्जा में डॉक्ट्रेट;<br>(ii) जैव ऊर्जा प्रणालियों/उप प्रणालियों/घटकों/पदार्थों में अनुसंधान, अभिकल्पन (डिजाइन) और विकास परियोजना कार्यान्वयन सक्षमताओं में प्रदर्शन योग्य अभिनव उपलब्धियाँ;<br>(iii) नियोजन, वित्तपोषण, कार्मिक और प्रशासन में प्रबंधन तथा किसी प्रतिष्ठित संस्थान में किसी टीम को प्रेरित और नेतृत्व प्रदान करने के लिए आवश्यक नेतृत्व संबंधी गुण। |
| 5 | आवेदन करते समय अधिकतम आयु | आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि को आवेदक की अधिकतम आयु प्रतिनियुक्ति के लिए 55 वर्षों से अधिक नहीं होनी चाहिए। |

3. आवेदन पत्र पिछले 5 वर्षों की वार्षिक कार्यनिष्पादन मूल्यांकन रिपोर्टों और सतर्कता अनापत्ति से संबंधित प्रमाणपत्र तथा अनुलग्नक-। में दिए गए संबंधित मामलों संबंधी प्रमाणपत्र (प्राधिकृत अधिकारी द्वारा विधिवत् हस्ताक्षरित) के साथ उचित माध्यम से प्रस्तुत किया जाना चाहिए जिसमें विफल होने पर आवेदन को जाँच के चरण में अस्वीकृत किया जा सकता है।

4. सामान्य शर्तें

i. पात्रता संबंधी शर्तों की पूर्ति के निर्धारण की तिथि आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि होगी।

ii. वेतनमान और इससे जुड़े लाभ, भारत सरकार द्वारा नियुक्त वेतन आयोग की स्वीकृत सिफारिशों के अनुसार संशोधित किए जाएँगे।

5. प्रतिनियुक्ति की अवधि

प्रतिनियुक्ति की अवधि आरंभ में 3 वर्षों की होगी जिसे 5 वर्षों तक बढ़ाया जा सकता है। तथापि, किसी अन्य संवर्ग-वाह्य पद में पहले से प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत व्यक्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा।

6. नियुक्ति हेतु चयन प्रक्रिया

उम्मीदवारों के चयन/जाँच की कार्यप्रणाली में निर्धारित जाँच/चयन समिति द्वारा आवेदकों की जाँच/चयन करना और जाँचे गए उम्मीदवारों का नियमानुसार निर्धारित चयन समिति/खोज सह चयन समिति द्वारा साक्षात्कार/परस्पर विचार-विमर्श आयोजित करना शामिल होगा।

7. आवेदन कैसे करें

आवेदन संलग्न प्रपत्र में सादे कागज पर विवरण देते हुए और उसके साथ शैक्षिक योग्यताओं, आयु एवं अनुभव आदि के समर्थन में दस्तावेजों की सत्यापित फोटो प्रतियाँ तथा मूल संगठन से आवश्यक प्रमाणपत्र (अनुलग्नक-I के अनुसार) संलग्न करते हुए पिछले 5 वर्षों की वार्षिक कार्यनिष्पादन मूल्यांकन रिपोर्टों की प्रमाणिक प्रतियों के साथ मुहरबंद लिफाफे में, जिस पर "प्रतिनियुक्ति आधार पर स्थानान्तरण पर महानिदेशक, एसएसएस-नीबे के पद हेतु आवेदन" लिखा हुआ हो, इस विज्ञापन के रोजगार समाचार में प्रकाशित होने की तिथि से 6 सप्ताह के भीतर उचित माध्यम से श्री संजय कुमार शाही, वैज्ञानिक 'ई', कमरा सं. 703, 7वां तल, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, अटल अक्षय ऊर्जा भवन, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003 को भेजा जाना चाहिए।

असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, जम्मू & कश्मीर तथा लद्दाख (संघ राज्य क्षेत्रों), हिमाचल प्रदेश के लाहौल और स्पीति जिले तथा चम्बा जिले के पांगी सब-डिवीजन, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह तथा लक्षद्वीप संघ राज्य क्षेत्र में निवास करने वाले उम्मीदवारों और विदेश में निवास करने वाले उम्मीदवारों के आवेदन रोजगार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 08 (आठ) सप्ताह के भीतर पहुँच जाने चाहिए।

**Sd/-**

(संजय कुमार शाही)
वैज्ञानिक 'ई', एमएनआरई
दूरभाषः 011-20849064
ई-मेलः sk.shahi@nic.in

एमएनआरई के अंतर्गत एक स्वायत्त संस्थान, सरदार स्वर्ण सिंह राष्ट्रीय जैव ऊर्जा संस्थान (एसएसएस-नीबे) में महानिदेशक के पद के लिए आवेदन प्रपत्र

पासपोर्ट आकार की फोटो चिपकाएँ

| | | |
|---|---|---|
| 1. | नाम बड़े अक्षरों में | ------------------------------<br>------------------------------ |
| 2. | पिता का नाम | ------------------------------<br>------------------------------ |
| 3. | जन्म तिथि (दिन/माह/वर्ष) | ------------------------------<br>------------------------------ |
| 4. | रोजगार समाचार में विज्ञापन के अनुसार आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि को उम्र (वर्तमान नियमों के अनुसार प्रतिनियुक्ति के लिए आयु सीमाः 55 वर्ष) | ------------------------------<br>------------------------------ |
| 5. | लिंग (पुरुष/महिला) | ------------------------------ |
| 6. | पूरा पता | |
| | i. स्थायी पता | ------------------------------<br>------------------------------<br>------------------------------<br>------------------------------ |
| | ii. पत्राचार का पता | ------------------------------<br>------------------------------<br>------------------------------<br>------------------------------ |
| | iii. दूरभाष सं. | ------------------------------ |
| | iv. ई-मेल | ------------------------------<br>------------------------------ |
| 7. | क्या अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग से संबंधित हैं (यदि हाँ तो वर्ग का उल्लेख करें) | ------------------------------<br>------------------------------ |
| 8. | वर्तमान में कार्यरत मंत्रालय/कार्यालय/संगठन/संस्थान का नाम और पता | ------------------------------<br>------------------------------<br>------------------------------<br>------------------------------ |
| 9. | धारित पदनाम/पद और रोजगार की प्रकृति (नियमित/प्रतिनियुक्ति/तदर्थ) | ------------------------------<br>------------------------------<br>------------------------------ |
| 10. | आज की तिथि के अनुसार ग्रेड पे सहित पे बैंड में वेतन | ------------------------------ |

| | | |
|---|---|---|
| | | ------------------------------ |
| 11. | वार्षिक वेतन वृद्धि की अगली तिथि | ------------------------------<br>------------------------------ |
| 12. | यदि किसी अन्य कार्यालय/संगठन में तैनात हैं तो मूल संगठन का नाम (आवेदन मूल संगठन के माध्यम से भेजा जाना चाहिए) | ------------------------------<br>------------------------------<br>------------------------------<br>------------------------------ |
| 13. | मूल संगठन में वेतन, पे बैंड और ग्रेड पे के साथ नियमित आधार पर धारित पदनाम के साथ पद | ------------------------------<br>------------------------------<br>------------------------------ |
| 14. | मूल संगठन में उक्त पद पर नियमित आधार पर किस तिथि से कार्यरत हैं | ------------------------------<br>------------------------------ |

15. शैक्षिक योग्यताएं

| क्र.सं. | उत्तीर्ण परीक्षा | विषय | बोर्ड/विश्वविद्यालय/संस्थान का नाम | उत्तीर्ण होने का वर्ष | अंक/श्रेणी/सीजीपीए (प्रतिशतता) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | अंक | श्रेणी | सीजीपीए (%ता) |
| | | | | | | | |

16. कार्यानुभव (विज्ञापन में उल्लिखित अनुभव संबंधी आवश्यकताओं के अनुरूप विवरण होना चाहिए)

| क्र. सं. | संगठन/कार्यालय का नाम | धारित पद | वेतनमान | अवधि | | निष्पादित किए गए वैज्ञानिक/ तकनीकी कार्य/दायित्व की प्रकृति | छोड़ने का कारण | स्थायी अथवा अस्थायी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | से | तक | | | |
| | | | | | | | | |

17. विशेषज्ञता का क्षेत्र ..........................................................................................................

(संक्षिप्त प्रयोगशाला अनुसंधान कार्य, प्रणाली इंजीनियरी, वैज्ञानिक परियोजनाओं एवं कार्यक्रमों का आर्थिक-तकनीकी और वित्तीय विश्लेषण, प्रकाशन, पेटेंट आदि, यदि कोई हो, संलग्न करें (2 पृष्ठों से अधिक नहीं))

18. विशेष योग्यताएं/अथवा अतिरिक्त ब्यौरे, यदि कोई हो

..........................................................................................................................................

मैं एतद्द्वारा यह घोषणा करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा आवेदन पत्र और इसके अनुलग्नकों में दी गई जानकारी मेरी अधिकतम जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य और पूर्ण है और यदि मेरे द्वारा दी गई कोई जानकारी भविष्य में कभी गलत पाई जाती है, तो इससे मैं आवेदित पद के लिए अयोग्य हो जाऊँगा। मैं यह भी प्रतिबद्धता व्यक्त करता/करती हूँ कि मैं विज्ञापन/सरकारी नियमावली/निदेशों में प्रतिनियुक्ति पर स्थानन (प्लेसमेंट) के संबंध में समय-समय पर लागू सभी निबंधन और शर्तों का पालन करूँगा/करूँगी।

(उम्मीदवार के हस्ताक्षर)

स्थानः

दिनांकः

टिप्पणीः

1. कृपया दाहिनी तरफ ऊपर कोने में अपना हाल ही का पासपोर्ट आकार का फोटो चिपकाएं।
2. कृपया अपनी शैक्षिक योग्यता एवं अनुभव/जन्म की तिथि और श्रेणी (अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व.) के प्रमाण के समर्थन में दस्तावेजों की प्रतियाँ संलग्न करें।
3. अधूरे आवेदनों अथवा प्रपत्र/विवरणों के आधार पर उपयुक्त नहीं पाए गए आवेदनों अथवा निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।
4. आवेदन, सक्षम प्राधिकारी द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित निर्धारित प्रमाणपत्र (अनुलग्नक-I) के साथ उचित माध्यम से (मूल कार्यालय द्वारा) और समय-समय पर लागू नियमों के अनुसार, प्रतिनियुक्ति आधार पर चयन के मामले में, तत्काल कार्यमुक्त करने हेतु वर्तमान/मूल कार्यालय की सहमति के साथ और पिछले 5 वर्षों की वार्षिक कार्यनिष्पादन मूल्यांकन रिपोर्टों की प्रामाणिक प्रतियों के साथ भेजा जाना चाहिए।

*****

अनुलग्नक-I

**प्रमाणपत्र**

(आवेदन अग्रेषित करने वाले मंत्रालय/विभाग/प्राधिकारी द्वारा भरा जाना चाहिए)

(सरकारी कर्मचारियों/प्रतिनियुक्ति पर महानिदेशक के पद पर आवेदन करने वाले आवेदकों के मामले में सरकारी नियमों के अनुसार समय-समय पर यथा संशोधित)

प्रमाणित किया जाता है किः

i. उम्मीदवार द्वारा दिए गए ब्यौरेः

   नामः ..............................................

   पदनामः ..........................................

   पे-बैंड और ग्रेड पेः ..............................

   आवेदन किए जाने की तिथि को आहरित वेतनः ..............................

   की जाँच उपलब्ध अभिलेखों से की गई और इन्हें सही पाया गया है।

ii. यह सत्यापित किया गया है कि उम्मीदवार विज्ञापन में दिए गए ब्यौरे के अनुसार महानिदेशक, एसएसएस-नीबे के पद के लिए निर्धारित शर्तों के अनुसार मानदंडों को पूरा करता है।

iii. उम्मीदवार के विरुद्ध कोई सतर्कता संबंधी मामला लंबित अथवा विचाराधीन नहीं है और वह सतर्कता की दृष्टि से मुक्त है।

iv. उम्मीदवार के विरुद्ध पिछले 10 वर्षों/अथवा सरकारी सेवा में उसकी नियुक्ति की तिथि से कोई बड़ा/छोटा दंड नहीं लगाया गया है।

v. उम्मीदवार के सीआर डोजियर में ऐसा कुछ नहीं है जो उसे आवेदित पद के लिए नियुक्ति हेतु विचार करने के अयोग्य बनाता है।

vi. उम्मीदवार की पिछले 5 वर्षों अथवा जिन वर्षों से वह सरकार में/मंत्रालय/कार्यालय में तैनात है, की वार्षिक कार्यनिष्पादन मूल्यांकन डोजियर की अद्यतन विधिवत सत्यापित प्रतियाँ संलग्न हैं।

vii. उसका चयन होने पर उम्मीदवार को तत्काल कार्यमुक्त किया जाएगा।

हस्ताक्षरः..................................

नामः ......................................

पदनामः ..................................

कार्यालय का पताः .....................

दूरभाष सं.: ..............................

ई-मेलः ...................................

(आवेदक जिस कार्यालय में वर्तमान में तैनात है, के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा मुहर के साथ हस्ताक्षरित/सत्यापित किया जाना चाहिए)